दिनांक : 25.02.2026 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज से इजराइल की यात्रा पर। दोनों देशों के बीच होंगे महत्वपूर्ण समझौते।
- कृषि उत्पादन में मध्यप्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में शामिल।
- मध्यप्रदेश में बढ़ रही है रेल सुविधाएं, कहा मुख्यमंत्री ने।
- भोपाल में आज होगा आजीविका विपणन कार्यशाला का शुभारंभ।

प्रधानमंत्री-इजराइल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिन की राजकीय यात्रा पर इजराइल रवाना होंगे। श्री मोदी की यह दूसरी इजराइल यात्रा होगी। इस दौरान वे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक करेंगे जिसमें भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की जाएगी। वे विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा तथा सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार और अर्थव्यवस्था तथा दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर बातचीत करेंगे। बैठक में पारस्परिक हित के क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किए जाने की उम्मीद है।

जलशक्ति-महोत्सव

जल शक्ति मंत्रालय 8 मार्च से 22 मार्च, 2026 तक राष्ट्रव्यापी जल महोत्सव का आयोजन करेगा। पेयजल और स्वच्छता विभाग में सचिव अशोक के.के. मीना ने कल नई दिल्ली में बहुभाषी सुजल ग्राम संवाद के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जल अर्पण दिवस के माध्यम से ग्राम पंचायतों को जलापूर्ति संपत्तियों का औपचारिक हस्तांतरण, जल गुणवत्ता परीक्षण और निगरानी को सुदृढ़ करना और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना है। उन्होंने प्रत्येक गांव में सतत, समुदाय-नेतृत्व वाली जल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जल महोत्सव में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

शिवराज-बैठक

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के कल्याण के लिए राज्यों को आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग अगले महीने की 31 तारीख तक सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। उन्होंने नई दिल्ली में मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित वर्चुअल बैठक के दौरान यह बात कही। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जमीनी स्तर पर किसानों तक लाभ पहुंचाने के लिए केंद्रीय निधियों का समय पर और कुशल उपयोग आवश्यक है।

श्री चौहान ने दोहराया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत केंद्र सरकार किसानों को मजबूत मूल्य समर्थन प्रदान कर रही है।

खाद्यान्न उत्पादन-प्रदेश

मध्यप्रदेश ने कृषि उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार राज्य खाद्यान्न, दलहन तथ तिलहन फसलों के उत्पादन में शीर्ष तीन राज्यों में शामिल रहा है। मध्यप्रदेश ने कुल खाद्यान्न उत्पादन में 46.63 मिलियन टन उत्पादन के साथ देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जो राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 13.04 प्रतिशत है। राज्य कुल दलहन फसल उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर हैं। तिलहन फसलों के उत्पादन में देश में दूसरा स्थान हासिल किया।

इसी प्रकार गेहूं उत्पादन में राज्य ने 24.51 मिलियन टन उत्पादन किया और लगभग 20.78 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश में दूसरा स्थान हासिल किया। राज्य मक्का उत्पादन में भी अग्रणी रहा, 6.64 मिलियन टन उत्पादन के साथ मध्यप्रदेश का राष्ट्रीय हिस्सेदारी में लगभग 15.30 प्रतिशत योगदान रहा, जिससे यह देश का प्रमुख उत्पादक राज्य बना।

निर्वाचन आयोग-गोलमेज सम्मेलन

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित राज्यों के गोलमेज सम्मेलन में सहभागिता के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की टीम नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् पहुँची। सम्मेलन में कल मध्यप्रदेश द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में किए गए नवाचारों, डिजिटल पहलों तथा पारदर्शिता और सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए प्रभावी कदमों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया।

रेल सौगात-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को नई रेलों और रेल सुविधाओं की निरंतर सौगात मिल रही है। प्रदेश की राजधानी भोपाल से ऊर्जा राजधानी सिंगरौली तक सप्ताह के सातों दिन सीधी रेल की सुविधा प्रारंभ हो रही है, जो मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के यात्रियों के लिये भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल शाम भोपाल के मुख्य रेलवे स्टेशन से भोपाल-धनबाद-चौपन एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। यह ट्रेन सप्ताह में 3 दिन सीधी-सिंगरौली तक, 3 दिन धनबाद तक और एक दिन चौपन तक जायेगी। इस ट्रेन का रूट बीना-सागर-मुड़वारा होकर रहेगा।

राजस्व वसूली शिविर

नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा सभी नगरीय निकायों में कर एवं अन्य राजस्व वसूली के लिये आज विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। विशेष शिविर में नागरिकों को ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करने की सुविधा प्रदान की गई है। नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने निर्देश दिये हैं कि सभी नगरीय निकाय राजस्व वसूली का लक्ष्य शीघ्र एवं निर्धारित समय में प्राप्त करें।

आजीविका मिशन-कार्यशाला-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में स्व-सहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के मार्केटिंग के तहत क्षमतावर्धन के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को उत्पाद विक्रय के लिये राष्ट्र स्तरीय वृहद बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित रहेंगी।

पुलिस शूटिंग चैंपियनशिप

इंदौर स्थित बीएसएफ के केंद्रीय आयुध एव युद्ध कौशल विद्यालय (सीएसडब्लूटी) द्वारा आयोजित 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग (खेल) चैंपियनशिप-2025 का उद्घाटन कल इंदौर की रेवती रेंज में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा किया गया।

क्रिकेट टी-20 विश्व कप

टी-20 क्रिकेट विश्व कप में, इंग्लैंड ने कल रात सुपर-8 के मुकाबले में पाकिस्तान को 2 विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के पल्लेकेले में खेले गए मैच में इंग्लैंड ने 165 रनों के लक्ष्य को 8 विकेट खोकर 5 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री पटेल पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।
- आगरमालवा जिले में किसान कल्याण वर्ष के तहत किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने, प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ाने और किसानों को प्राकृतिक खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 जैव आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- सतना में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण में आरटीआई अधिनियम की प्रमुख धाराओं, आवेदन प्रक्रिया, समय-सीमा सहित अन्य जानकारियां दी गई।
- कटनी के कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौंध में मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का समापन किया गया।
- ग्वालियर में किसान कल्याण वर्ष के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कृषि मंथन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।
- डिंडौरी जिले ने सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में 97.62 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है।

- शाजापुर में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 26 और 27 फरवरी को राज-राजेश्वरी मंदिर प्रांगण में आजीविका होली मेले का आयोजन किया जाएगा।
- झाबुआ में 0 से 18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों की पहचान और प्रमाणन के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।
- बैतूल में युवा संगम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 11 मार्च को किया जाएगा।